हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ
(तिथि 6 दिसंबर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का 11वां भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव आज पंचकूला में शुरू हुआ।
- केन्द्रीय विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि विज्ञान की उपलब्धियों के इस महोत्सव के आयोजन का मकसद युवा पीढ़ी को विज्ञान और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करना है।
- अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने विज्ञान महोत्सव में छात्रों और युवा वैज्ञानिकों के साथ अपने अनुभव साझा किए।
- हवाई सेवाओं के रद्द होने के कारण रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर और हिसार से विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएँगी।
- केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए 119 मिलियन टन गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा।

*******************************************************************

केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित 11वां भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव – आई आई एस एफ का पहला सत्र आज पंचकूला के दशहरा मैदान में शुरू हुआ, जो 9 दिसंबर तक चलेगा। केन्द्रीय विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने आज इसका विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर हरियाणा के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण बेदी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डॉ जितेंद्र सिंह ने बड़ी उपलब्धि के बाद भी निरन्तरता पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया पत्रकारों से बातचीत में डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि हर साल ऐसे महोत्सव आयोजित करने का मकसद आज की युवा पीढ़ी को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने विज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया । उन्होंने कहा कि इस विज्ञान महोत्सव का मकसद समाज के हर वर्ग से जुड़ना है। उन्होंने कहा कि तीन C बहुत महत्वपूर्ण हैं: पहला C विज्ञान की उपलब्धियों का उत्सव मनाना है, दूसरा C उन लोगों तक पहुंचना है जो विज्ञान की प्रगति में योगदान दे रहे हैं, और तीसरा C करियर है, जहां युवा वैज्ञानिकों के भविष्य को और आगे बढ़ाया जा सकता है।

*******************************************************************

पंचकूला में चल रहे 11 वें भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में आज अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने छात्रों और युवा वैज्ञानिकों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत में विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। यह भारतीयों के लिए गर्व की बात है कि भारत विज्ञान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने अंतरिक्ष में भारत की मौजूदगी पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि अब जब भारत चांद पर जाएगा, तो वहां लंबे समय तक रहेगा। उन्होंने सभी भारतीयों से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने का आग्रह किया। पत्रकारों से बातचीत में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह महोत्सव वैज्ञानिकों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने हेतु एक बेहतरीन मंच है। उन्होंने कहा कि विज्ञान को जितना ज़्यादा बढ़ावा दिया जाएगा, भारत उतना ही ज़्यादा विकसित होगा। विज्ञान समारोह में विज्ञान के विभिन्न पहलुओं से

संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई है। प्रदर्शनी में मॉडल प्रदर्शित करने वाले डी पी तिवारी ने कहा – डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि वह मॉस के पौधे लगाने को बढ़ावा दे रही हैं, जो बहुत ज्यादा ऑक्सीजन देते हैं।

*******************************************************************

हवाई सेवाओं के रद्द होने के कारण अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए रेलवे द्वारा यात्रियो की सुविधा हेतु कल से जयपुर दुर्गापुरा -बान्द्रा-जयपुर दुर्गा विशेष रेल सेवा एवं हिसार-खडकी- हिसार विशेष रेल सेवा का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि जयपुर दुर्गापुरा -बान्द्रा टर्मिनस विशेष रेलगाड़ी कल दुर्गापुरा से बाद दोपहर 12 बज कर 25 मिनट पर रवाना होगी और परसों वापसी करेगी। इसी तरह हिसार-खडकी विशेष रेल गाड़ी कल हरियाणा के हिसार से शाम 5 बज कर 50 मिनट पर रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 12 बज कर 40 मिनट पर पहुंचेगी और वहां से एक बजे प्रस्थान कर परसों सुबह 10 बज कर 45 मिनट पर खडकी पहुँचेगी। खडकी-हिसार विशेष रेलगाड़ी परसों शाम 5 बजे खडकी से रवाना होकर मंगलवार को 2 बज कर 20 मिनट पर जयपुर और रात 10 बज कर 25 मिनट पर हिसार पहुँचेगी। इस रेल में विभिन्न श्रेणी के कुल 22 डिब्बे होगे।

*******************************************************************

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए 119 मिलियन टन गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.47 प्रतिशत अधिक है। करनाल में राष्ट्रीय गेहूं एवं जौं अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ रतन तिवारी ने मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए संस्थान के वैज्ञानिक पूरी तरह तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा गेहूं की नई प्रजातियां विकसित की गई है जिन्हें अनुमोदन के पश्चात बाद किसानों के लिए जारी किया जाएगा। डॉ रतन तिवारी ने कहा कि गेहूं के लिए तापमान अनुकूल बना हुआ है। उन्होंने किसानों को 21 से 25 दिन पहले बीजी फसल को पानी लगाने और निर्धारित मात्रा में यूरिया खाद डालने की सलाह दी है। पीले रतुए से बचाव के लिए सावधानी बरतने और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत कृषि वैज्ञानिकों से संपर्क करने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि गेहूं की नई प्रजातियां पीला रतुआ रोधी है इसलिए उनमें किसानों को किसी तरह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

*******************************************************************

संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर याद किया गया। बल्लभगढ़ में अंबेडकर चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान के निर्माता ही नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समान अधिकार और प्रगतिशील भारत की विचारधारा के अग्रदूत थे।

*******************************************************************

जनसंघर्ष समिति भिवानी की ओर से भिवानी जिले के गाँव पालुवास के अंबेडकर चौक में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा संविधान सुरक्षा का संकल्प लिया।

*************************************************************

पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आज बाल दिवस समारोह के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए जिला स्तरीय पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर श्री गौरव गौतम ने कहा-